**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 685**
**06 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए आवास**

**685. श्री सप्तगिरी शंकर उलाकाः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

**(**क) वर्तमान में केन्द्रीय सरकार के कितने कर्मचारी अपने पात्र श्रेणी के आवासों में रह रहे हैं और कितने कर्मचारी अपनी पात्रता से कम के आवासों में रह रहे हैं**;**

**(**ख) क्या वर्तमान आवासों की संख्या केन्द्र सरकार के सभी पात्र कर्मचारियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं**;**

**(**ग) आवास उपलब्धता में किसी कमी का ब्यौरा क्या है और इस मुद्दे के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं**;** और

**(**घ) सरकार द्वारा सभी पात्र कर्मचारियों के लिए सभी टाइप के आवासों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (घ): केंद्र सरकार के सामान्य पूल रिहायशी आवास नियम 2017 के अनुसार, केंद्र सरकार के अधिकारी अपने मौजूदा ग्रेड वेतन/मूल वेतन के आधार पर विभिन्न प्रकार के सरकारी आवास के लिए पात्र हैं। पात्र सरकारी अधिकारियों को सामान्य पूल रिहायशी आवास का आवंटन ई-संपदा पोर्टल के माध्यम से आवंटन की ऑनलाइन स्वचालित प्रणाली के माध्यम से किया जाता है। आवंटियों के डेटा में काफी उतार-चढ़ाव होता है, जिससे निम्नलिखित कारणों से सटीक आंकड़े निर्धारित करना अव्यावहारिक हो जाता है:

i. आवंटन प्रक्रिया पूर्णतः स्वचालित है, स्व-चयन के आधार पर, जो मांग और आपूर्ति को लचीला बनाती है, जिससे अधिकारियों को अपनी आवश्यकताओं के आधार पर अपने प्रोफाइल को अपडेट करने की सुविधा मिलती है।

ii. अधिकारियों के पास अपनी पसंद के प्रकार और स्थान के अनुसार आवास चुनने का विकल्प है।

iii. वे अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के आधार पर अपनी पात्रता से नीचे की श्रेणी में भी आवास का विकल्प चुन सकते हैं।

iv. कुछ अधिकारी अगर अपग्रेडेड आवास की जरूरत नहीं समझते तो वे अपना प्रोफाइल अपडेट नहीं करते है। परिणाम स्वरुप, पात्र अधिकारियों की वास्तविक संख्या का सटीक निर्धारण नहीं किया जा सकता।

उपर्युक्त के मद्देनजर, यह पता लगाना संभव नहीं है कि अपनी पात्रता वाली श्रेणी के आवासों में रहने वाले अधिकारियों की सही संख्या कितनी है, या निम्न श्रेणी के आवासों में कितने आवंटियों को आवास मिला है।

सामान्य पूल रिहायशी आवास में हाल ही में की गई वृद्धि नीचे दी गई है:

1. ईस्ट किदवई नगर, दिल्ली - 4273

2. त्याग राज नगर, दिल्ली- 703

3. मोहम्मदपुर, दिल्ली - 708

4. सरोजनी नगर, दिल्ली- 1738

5. तिमारपुर, दिल्ली - 88

6. लखनऊ, उत्तर प्रदेश – 43

*****